स्नातक उपाधि कार्यक्रम

सत्रांत परीक्षा

24544

दिसम्बर, 2016

एफ.एच.डी.-2 : हिन्दी में आधार पाठ्यक्रम

समय : 2 घण्टे *अधिकतम अंक : 50*

नोट : ***सभी*** *प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।*

खण्ड क

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 250 – 300 शब्दों में दीजिए ।

1. सम्प्रेषण के विविध रूपों का परिचय दीजिए । *10*

अथवा

भाषा के विभिन्न रूपों पर प्रकाश डालिए ।

2. मोहन राकेश की डायरी की विशेषताएँ बताइए । *10*

अथवा

'निराला की साहित्य साधना' का प्रतिपाद्य स्पष्ट कीजिए ।

खण्ड ख

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिए ।

3. यात्रा-वृत्तांत की विशेषताएँ बताइए । *5*

अथवा

मुक्तिबोध के पत्रों की विशेषताएँ बताइए ।

4. आख्यानपरक लेखन के प्रमुख पक्षों पर संक्षेप में विचार कीजिए । *5*

अथवा

दृश्य माध्यमों की भाषा की विशेषताएँ बताइए ।

5. अपने शहर अथवा गाँव की सड़क की स्थिति पर संक्षिप्त रिपोर्ट तैयार कीजिए । *5*

अथवा

अपनी किसी यात्रा का वर्णन कीजिए ।

6. अपने मित्र की सफलता पर उसे एक पत्र लिखिए । *5*

अथवा

'पथ के साथी' संस्मरण की विशेषताएँ बताइए ।

खण्ड ग

7. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक या दो वाक्यों में दीजिए : *5×1=5*

(क) संवाद से क्या तात्पर्य है ?

(ख) तार्किक लेखन में उदाहरणों का क्या महत्त्व है ?

(ग) वाद-विवाद में भाषा के किस रूप का अधिक महत्त्व होता है ?

(घ) निराला का पूरा नाम बताइए ।

(ङ) रेडियो और टेलीविज़न में एक अन्तर बताइए ।

खण्ड घ

8. निम्नलिखित प्रश्नों के सही उत्तर का चयन कीजिए : *5×1=5*

(क) 'एकलव्य के नोट्स' में किस वर्ग का सशक्त चित्रण किया गया है ?

(अ) सम्पन्न वर्ग

(ब) मध्यम वर्ग

(स) दलित वर्ग

(द) युवा वर्ग

(ख) 'किन्नर देश में' किसकी रचना है ?

(अ) राहुल सांकृत्यायन

(ब) निराला

(स) उग्र

(द) पंत

(ग) पाठ्यक्रम में संकलित महादेवी वर्मा का संस्मरण किससे सम्बन्धित है ?

(अ) मोहन राकेश

(ब) सुभद्राकुमारी चौहान

(स) प्रेमचंद

(द) निराला

(घ) भाई को लिखा गया पत्र होता है

(अ) औपचारिक

(ब) अनौपचारिक

(स) सरकारी

(द) अर्ध सरकारी

(ङ) मुक्तिबोध के पत्र किसको सम्बोधित हैं ?

(अ) नेमिचन्द्र जैन

(ब) महादेवी वर्मा

(स) अज्ञेय

(द) भारत भूषण